अनुबंध III

वचन पत्र

(आवेदक के लेटरहेड पर)

* मैं/ हम _____(आवेदक का नाम) एतद्द्वारा पुष्टि/ घोषणा करता हूँ/ करते हैं कि मैं/हम इस आवेदन की तिथि तक प्रवर्तन निदेशालय द्वारा किसी भी जाँच/ अन्वेषण/ न्यायनिर्णय के अधीन नहीं हूँ/ हैं।

मैं/ हम यह भी वचन देते हैं कि यदि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मेरे/ हमारे विरुद्ध किसी भी समय, परंतु मेरे/ हमारे द्वारा दायर किए गए शमन आवेदन के संबंध में शमन आदेश जारी होने की तिथि को या उससे पूर्व कोई जांच/अन्वेषण/न्यायनिर्णयन कार्यवाही आरंभ की जाती है, तो मैं/ हम शमन प्राधिकारी/ भारतीय रिजर्व बैंक को लिखित रूप में तत्काल सूचित करेंगे।'

या

*मैं/ हम _____(आवेदक का नाम) एतद्द्वारा पुष्टि/ घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैं/ हम प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच/ अन्वेषण /न्यायनिर्णय के अधीन हूं/हैं या था/थे, तथा इसका ब्योरा अनुबंध में दिया गया है।

मैं/ हम यह भी वचन देते हैं और पुष्टि करते हैं कि जिन उल्लंघनों के लिए यह शमन आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है, उनके संबंध में न्यायनिर्णयन प्राधिकारी द्वारा कोई न्यायनिर्णयन आदेश पारित नहीं किया गया है। मैं/ हम यह भी वचन देते हैं कि यदि मेरे/ हमारे द्वारा दायर किए गए शमन आवेदन के संबंध में शमन आदेश जारी होने की तिथि को या उससे पूर्व किसी भी समय ऐसा कोई आदेश पारित किया जाता है, तो मैं/ हम इसकी लिखित सूचना शमन प्राधिकारी/ भारतीय रिजर्व बैंक को तत्काल देंगे।

(*एक को काट दें)

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर